10

# प्रशिक्षण : निवारक सतर्कता साधन




भ्रष्टाचार मुक्त भारत - विकसित भारत

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022

## केन्द्रीय सतर्कता आयोग


प्रशिक्षण : निवारक सतर्कता साधन
नासिक शाखा में रोहिताश का अंतिम दिन
रोहिताश तुम्हें प्रमोशन पर नई शाखा में नियुक्ति के लिए शुभकामनाएं। आशा है तुम हमें वहां भी गौरवान्वित करोगे।
धन्यवाद सर।आप एक महान मार्गदर्शक हैं। बैंक में अभी तक का मेरा सफर आपके कारण ही आसान हो पाया।
तुम एक उत्कृष्ट प्रशिक्षार्थी हो। भविष्य में भी अपने अच्छे काम को जारी रखना।
मैंने आप सभी से बहुत कुछ सीखा है। सभी का बहुत बहुत धन्यवाद।


पुणे शाखा में पहला दिन
गुड़ मॉर्निंग सर !
गुड़ मॉर्निंग रोहिताश। तुम कुछ चिंतित लग रहे हो। क्या तुमको कुछ परेशानी है ? एक अधिकारी संवर्ग में पदोन्नत होने पर तुमको खुश और आत्मविश्वासी होना चाहिए।
मैनेजर
सर, यह नई ज़िम्मेदारी है। यद्यपि मैंने लिपिक संवर्ग में 5 वर्षों से अधिक समय तक कार्य किया है, मैं इस वर्तमान सीट पर नया हूँ और सभी प्रक्रियाओं से परिचित नहीं हूँ।
चिंता मत करो। समय के साथ तुम और भी बहुत कुछ सीख जाओगे और काम करते हुए सीखना अनुभव प्राप्त करने का सबसे अच्छा तरीका है।
कुछ दिनों बाद
सर, पुणे शाखा क्षेत्र की सबसे व्यस्त शाखाओं में से एक है और यहाँ हमेशा ग्राहकों की भीड़ रहती है। बुनियादी ज्ञान के बिना काम करना कठिन होता जा रहा है।
मेरा आपसे अनुरोध है कि किसी बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए मुझे नामित कर दीजिये।
ज़रूर रोहिताश। स्टाफ ट्रेनिंग कॉलेज द्वारा आयोजित 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए मैं तुम्हारा नामांकन कर देता हूँ ।


प्रशिक्षण से लौटने पर
गुड मॉर्निंग रोहिताश! प्रशिक्षण कैसा रहा?
गुड मॉर्निंग सर! प्रशिक्षण अच्छा था। पाठ्यक्रम संरचना में प्रमुख नीतियां, प्रक्रियाएं, निगरानी क्षेत्र, निवारक सतर्कता पर मॉड्यूल के साथ-साथ संचालन में धोखाधड़ी पर केस स्टडी भी शामिल थी। हमें आवश्यक परिपत्रों और दिशानिर्देशों से भी अवगत कराया गया।
लगता है, प्रशिक्षण से तुमको बहुत कुछ सीखने को मिला है ।
मैंने व्याख्यानों के विस्तृत नोट्स बनाए और प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान अपने सभी संदेहों को दूर किया।
बहुत बढ़िया। मुझे लगता है कि अब तुम पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी सीट संभालने के लिए तैयार हो। शुभकामनाएं।
धन्यवाद सर। अब मैं संचालन और दैनिक बैंकिंग गतिविधियों में क्या करें और क्या न करें, के बारे में अच्छी तरह से जान गया हूं।


1 महीने के बाद
रोहिताश मुझे पारिवारिक स्थिति के कारण छुट्टी पर जाना पड़ रहा है। मैं तुमको शाखा के कार्य को संभालने और प्रबंधन की ज़िम्मेदारी सौंप रहा हूं।
मुझ पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद सर। मैं अपनी पूरी क्षमता के साथ इस ज़िम्मेदारी को निभाउंगा।
एक दिन एक ग्राहक खाता खोलने के लिए शाखा में आता है।
नमस्ते सर!
नमस्कार! मैं आपकी क्या सहायता कर सकता हूं?


सर ! मैं आपकी शाखा में एक चालू खाता खोलना चाहता हूँ। मैं निर्यात का कारोबार कर रहा हूं और मेरी फर्म के चालू खाते में बड़ी रकम का लेन-देन होने वाला है।
इसलिए, मैं आपसे सभी औपचारिकताओं को पूरा करने और मुझे एक चेक बुक जारी करने का अनुरोध करता हूं।
ज़रूर सर ! मुझे इसमें आपकी सहायता करके अच्छा लगेगा। मुझे और जानकारी दे ताकि मैं आपकी भली भांति सहायता कर सकूं।
मैं यह बताना चाहता हूं कि मेरे खाते में कई चरणों में 70 लाख रुपये जमा किए जाएंगे। मुझे भुगतान करने के लिए एक चेक बुक की भी आवश्यकता होगी।
बिलकुल सर । मैं सारी औपचारिकताएं पूरी करने में आपकी मदद करूँगा। मुझे फॉर्म और आवश्यक दस्तावेजों की सूची की व्यवस्था करने के लिए कुछ समय दें।
कुछ समय के बाद
सर, कृपया यह खाता खोलने का फॉर्म लें। इसके साथ ही आवश्यक केवाईसी दस्तावेजों की सूची भी है। आप इस फॉर्म को भर लीजिये और सभी मूल दस्तावेजों के साथ इसे ले आइये, हम कुछ दिनों में आपका खाता खोल देंगे।


धन्यवाद ।
अगला दिन
अर्जुन, फॉर्म और सभी केवाईसी दस्तावेजों को मूल दस्तावेजों के साथ मिलान कर लो और आगे की आवश्यक कार्यवाही करो।
दो दिन बाद
सर, खाता खुल गया है और सभी औपचारिकताएँ पूरी कर ली गई हैं। बैंक द्वारा भेजा जाने वाले "धन्यवाद पत्र" भी ग्राहक को प्राप्त हो गया है।
धन्यवाद अर्जुन। चूँकि हमने सारी जानकारी को सत्यापित कर लिया है, तो अब हमें चेक बुक जारी कर देनी चाहिए ।
5 दिनों के बाद, खाते में 10.00 लाख रुपये का चेक जमा किया गया और अगले 10 दिनों की अवधि में 60.00 लाख रुपये, कई चेक के माध्यम से जमा किए गए।



स्टाफ मीटिंग में
मुझे तुम पर गर्व है रोहिताश कि तुमने मेरी गैरमौजूदगी में इतना बड़ा खाता संपूर्णता के साथ खोला है।
आपकी सराहना के लिए धन्यवाद, सर। पर मुझे खाते में प्राप्त आय के बारे में संदेह है।
क्या मैं पूछ सकता हूँ कि तुम्हारे संदेह के पीछे क्या कारण हैं?
सर, हमारे प्रशिक्षण के दौरान हमें बताया गया कि व्यापारिक लेन-देन के दौरान प्राप्त भुगतान आमतौर पर विषम संख्या में होते हैं और सीधे उन फर्मों के खाते से आते हैं, जिनसे व्यापारिक लेन-देन किया जाता है। पर, मैंने देखा कि दो चेक को छोड़कर बाकी राशियां राउंड फिगर में थी।
सर, मैं खाते में प्राप्त आय की जांच करने और जहां से चेक प्राप्त हुए हैं, उन पक्षों की उचित जांच करने के लिए आपकी अनुमति चाहता हूं।


रोहिताश, ठीक है. अपनी शंकाओं को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाओ।
रोहिताश ने ग्राहक की फर्म और उसके व्यापारिक लेनदेनो की विस्तृत जांच की। उसे पता चला कि ज्यादातर चेक उन फर्म के है, जिनका निर्यात व्यापार या उत्पाद से कोई सीधा संबंध नहीं है।
रोहिताश ने शाखा प्रमुख को विस्तार से बताया
मैंने बाजार में उन फर्म के बारे में भी पूछताछ की और पाया कि उनमें से अधिकांश के पास किराए के कार्यालय हैं और कोई कारखाना नहीं है।
गुड जॉब रोहिताश। अगर तुमने इन बातों पर ध्यान नहीं दिया होता तो यह हमें गंभीर संकट में डाल सकता था।
सर, मुझे यह भी पता चला कि फर्म एक शैल कंपनी है और किसी भी व्यापारिक गतिविधि में सलंग्न नहीं है। साथ ही अन्य सभी सम्बद्ध फर्म शैल कंपनियां हैं।


सर, मुझे अपने स्रोतों से पता चला है कि बैंक मेरी फर्म की पूछताछ कर रहा है। यह मेरी गोपनीयता का उल्लंघन है और बैंक को उन पार्टियों के बारे में पूछताछ करने का कोई अधिकार नहीं है, जो उसके साथ सम्बंधित नहीं हैं।
सर, कृपया शांत हो जाइए। हम इस विषय पर बात करते हैं।
सर, यदि यही आपके बैंक का नियम है, तो मैं तुरंत अपना खाता बंद कर दूसरे बैंक में खाता खोलना चाहता हूँ।
सर, यदि आप व्यापारिक गतिविधियों का प्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं, तो मैं आपकी चिंता का समाधान कर सकता हूँ।
मैं किसी भी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहूंगा और इसके बजाय आपसे खाता बंद करने का अनुरोध करता हूँ।


खाता बंद होने के बाद
संभवता इस खाते के लेनदेन संदिग्ध प्रकृति के हैं। दिशा निर्देशों के अनुसार हम इसे संदिग्ध लेनदेनों की रिपोर्ट में फाइनेंशियल इंटेलीजेंस यूनिट को भेजेंगे।
रोहिताश, मैं तुम्हारी बुद्धि और तत्परता के लिए तुम्हे बधाई देना चाहता हूँ, जिसने हमारी शाखा को नुकसान से बचाया है।
सर, इसका श्रेय आपको जाता है। यदि आपने मुझे सार्वजनिक बैंक के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नामित नहीं किया होता तो, मैं इन सदिंग्ध लेनदेनों की पहचान नहीं कर पाता।
सर, मेरा मानना है कि हमेशा हमें सीखने के लिए तत्पर रहना चाहिए ताकि गलतियों को कम से कम किया जा सके। यह व्यक्ति और संगठन दोनों के लिए लाभदायक होता है।

## प्रशिक्षण - निवारक सतर्कता साधन

- सफल संगठन वे होते हैं, जिनकी प्रशिक्षण प्रणाली मज़बूत होती है ।
- कर्मचारियों को अपने कर्त्तव्यों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के लिए संगठन संबंधी नियमों, विनियमों और प्रासंगिक प्रक्रियाओं से अवगत होना चाहिए ।
- बेईमान व्यक्ति कर्मचारियों की अज्ञानता का फायदा उठाते हैं, जिससे संगठन को वित्तीय नुकसान हो सकता है और साथ ही साथ संगठन की प्रतिष्ठा भी खराब हो सकती है ।
- कर्मचारियों को उनके कर्त्तव्यों का निर्वहन करने के लिए आवश्यक ज्ञान तथा कौशल से दक्ष करने में प्रशिक्षण बहुत ही महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।
- संगठन को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी दिन-प्रतिदिन की चुनौतियों का कुशलता से सामना कर पाता है ।
- प्रत्येक संगठन को अपने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए नियोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का प्रयास करना चाहिए ।


# केन्द्रीय सतर्कता आयोग

सतर्कता भवन, ए-ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली - 110023

www.cvc.gov.in

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India के सहयोग से प्रकाशित

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा मुद्रित